Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding strengthening of medical infrastructure in hospitals and setting up of AIIMS in Indore, Madhya Pradesh.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): माननीय अध्यक्ष जी, रात के बारह बज रहे हैं और सदन चल रहा है। कोरोना की इस विषम परिस्थिति में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में बहुत सारी सुविधाएं देश को मिली हैं। हमारे इन्दौर को भी केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार से बहुत सारी सुविधाएं मिली हैं, इसके लिए मैं आपके माध्यम से धन्यवाद देना चाहता हूं।

महोदय, इन्दौर, मध्य प्रदेश की औद्योगिक राजधानी है और एक मेडिकल हब भी है। कोरोना की इस महामारी के बीच मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इन्दौर के आस-पास के क्षेत्रों के, जैसे उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, धार, झाबुआ आदिवासी क्षेत्र, खंडवा, खरगौन, हरदा के लगभग डेढ़ करोड़ की जनसंख्या का भार इन्दौर के अस्पतालों पर पड़ रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से दो मांग करना चाहता हूं। एक तो वहां आई.सी.यू. बेड्स और वेंटिलेटर्स की काफी आवश्यकता है। इन्दौर में तुरन्त 500 आई.सी.यू. बेड्स और वेंटिलेटर्स की आवश्यकता है, यह मांग मैं आपके माध्यम से सरकार से कर रहा हूं। आपसे निवेदन है कि इन्दौर में एक एम्स अस्पताल की स्थापना होनी चाहिए, नहीं तो मध्य प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एम.वाई. अस्पताल को एम्स की सुविधा मिलनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री शंकर लालवानी के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।